नया इंडिया
राजस्थान
भीलवाड़ा

मौसम
स्पष्ट/पूर्वानुमान

	न्यूनतम	अधिकतम	सार संक्षेप
28-सितंबर	24.0	31.0	आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बारिश हो सकती है।
29-सितंबर	24.0	31.0	आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बारिश हो सकती है।

समाचार: जिला, आसपास

सेन समाज का परिचय सम्मेलन 2 को

भीलवाड़ा। सेन समाज सामूहिक विवाह समिति के तत्वाधान में सेन समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन 2 अक्टूबर शनिवार को हरणी महादेव में आयोजित किया जाएगा। सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष बालू लाल सेन ने बताया कि समिति द्वारा चतुर्थ परिचय सम्मेलन आयोजित होगा। इसके लिए अब तक लगभग 400 लड़के लड़कियों का नामांकन हो चुका है।समिति सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि सेन समाज के युवक युवतियां परिचय सम्मेलन में भाग लेने के लिए 200 रुपये पंजीयन शुल्क जमा कराकर भाग ले सकते हैं।

चावण्डा माता मंदिर में शुरू हुआ प्रवेश द्वार निर्माण कार्य

भीलवाड़ा। शहर के समीप बड़ी हरणी की पहाड़ी पर स्थित चामुंडा माता मंदिर पर प्रवेशद्वार का निर्माण कार्य शुरू हो गया। इस निर्माण कार्य पर ग्रामीण कार सेवा कर रहे हैं। चामुण्डा माता सेवा समिति से जुड़े ग्रामीण रामेश्वर जाट ने बताया कि नवरात्रा का पर्व नजदीक है। इसे देखते हुये चामुंडा माता मंदिर के आस-पास व मार्ग पर सफाई कार्य किया जा रहा है। कंटीली झाडियों को हटवाया जा रहा है। इसके अलावा मंदिर का एक प्रवेश द्वार भी सड़क के नजदीक बनाया जा रहा है, जिसका शिलान्यास के बाद काम शुरू हो चुका है। इस पर बड़ी हरणी के ग्रामीण कारसेवा कर रहे हैं। वहीं सफाई व्यवस्था में भी ग्रामीण जी-जान से जुटे हुये हैं। ग्रामीण कारसेवा कर पहाड़ी को हराभरा बनाने के लिए पोधारोपण मे जुटे हुये है । वही दुसरी ओर चामुण्डा माता मंदिर परिसर में प्रवेश द्वार का निर्माण करवाया जा रहा है जिसका विधि विधान पुर्वक पंडित भगवती प्रसाद शर्मा द्वारा पुजा अर्चना कर नींव मुहूर्त किया गया । इस अवसर पर शंकरलाल जाट, भवानी राम जाट, तेजसिंह शिवलाल जाट, बनवारी लाल तेली, देवीलाल जाट, मोहनलाल जाट, महेंद्र सींह किसन जाट पुजारी तेजू भील, सहित कई ग्रामीण मोजूद रहे।

रक्तदान शिविर आज

शाहपुरा। कैंसर सहित अन्य रोगों के उपचार के लिए कार्यरत श्री नवग्रह आश्रम सेवा संस्थान की ओर से 28 सितम्बर मंगलवार को श्री नवग्रह आश्रम परिसर में सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन संस्थान एवं टीम 10 मिनट देश के नाम के साथ मिलकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

डेढ़ साल बाद खुले प्राथमिक स्कूल

नन्हें विद्यार्थियों को लगाया तिलक, माल्यार्पण कर व खिलाया गुड़।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

जिले में डेढ़ साल बाद सोमवार को पहली से पांचवी तक की स्कूले खुल गई। पहले दिन स्कूलों में बच्चों की संख्या काफी कम रही। कई स्कूल तो ऐसे थे जिनमें इक्के-दुक्के बच्चे ही अध्ययन के लिए पहुंचे। स्कूलों में पहले दिन प्रार्थना सभा व खेलकूद नहीं हुए। सभी बच्चों को मास्क की अनिवार्यता देखकर एवं हाथों को सेनेटाइज करवाकर ही प्रवेश दिया गया। दरअसल, कोरोना महामारी के बाद स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ करने के संबंध में सरकार ने 17 सितंबर को गाइडलाइन जारी की थी इसके अनुसार कक्षा 6 से 8 तक की कक्षाएं 20 सितंबर को प्रारंभ की गई थी। सोमवार से छोटी कक्षाओं का शिक्षण शुरू किया गया। पहले लॉकडाउन में १३ मार्च २०२० से शिक्षण बंद था। बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाया जा रहा था। कोरोना की पहली लहर खत्म होने के बाद कक्षा ६ से १२ तक की नियमित कक्षाएं प्रारंभ हुई थी लेकिन कक्षा १ से ५ तक की कक्षाएं प्रारंभ नहीं की गई। अब कक्षा १ से ५ शुरू की गई है। स्कूलों को प्रार्थना सभा आयोजित नहीं करने और सामूहिक खेल व उत्सव आयोजित नही करने के निर्देश दिए है। मिड डे मील पर भी रोक लगाई गई है। उधर बरसात के रूक-रूक आने से भी कई बच्चे स्कूल नहीं जा पाए। राजकीय प्राथमिक विद्यालय भामनिया में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार सोमवार को विद्यालय में पँचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार मूंदड़ा,एसएमसी अध्यक्ष मुकेश प्रजापत, महेंद्र सिंह लोढ़ा, ब्रह्मा लाल कंवर, संस्था प्रधान मोहम्मद शाबिर रँगरेज ने 563 दिन बाद विद्यालय में आये विद्यार्थियों का माल्यार्पण के,कुमकुम तिलक लगा,दही खिला व गुड़ खिलाकर मुंह मीठा करवाया और विद्यार्थियों को विद्यालय में स्वागत कर प्रवेश किया। संस्था प्रधान मोहम्मद शाबिर रँगरेज ने बताया सोमवार को अभिभावकों की सहमति के बाद विद्यार्थी मास्क लगाकर आये साथ जो विद्यार्थी बिना मास्क आये उनको एसएमसी अध्यक्ष मुकेश प्रजापत ने मास्क वितरण किये। इसी तरह सवाईपुर में विद्यालय खुलने से डेढ़ साल बाद नन्हें मुन्ने बच्चे कंधों पर बस्ते लेकर विद्यालय में पहुंचे। जहां पर कोरोना गाईड के तहत बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिया गया, विद्यालय में प्रवेश से पूर्व बच्चों का सैनिटाइजर से हाथ धुलवाए गए। विद्यालय पहुंचने के दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों की चहरे पर खुशी झलक रही थी।

डेंगू रोकथाम के लिए परिषद चलाए फॉगिंग व सफाई अभियान : नकाते

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिला कलक्टर शिवप्रसाद एम नकाते ने कहा कि जिले में डेंगू के बढ़ते प्रकरणों की रोकथाम हेतु नगर परिषद निरंतर फॉगिंग व सफाई को अभियान स्वरूप चलाकर करते रहे जिससे कि डेंगू व अन्य बीमारियों की रोकथाम हो सके । बैठक में जिला कलक्टर ने पीएचईडी के अधिकारियों को 'जल जीवन मिशन' योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर मॉनिटरिंग कर ज्यादा से ज्यादा पेयजल कनेक्शन कराने के निर्देश दिए । उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सडकों का दुरुस्तीकरण करने मेडिकल विभाग के अधिकारियों को डेंगू की रोकथाम हेतु उचित सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूली बच्चों को कोविड गाइडलाइन की पालना कराने तथा विद्यालयों का निरीक्षण करने संबंधी निर्देश दिए । साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को 181 व संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के यथासमय निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने सोमवार को जिले में नाबार्ड के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विभागीय कार्यों व प्राप्त प्रस्तावों के तहत कार्यों की समीक्षा की तथा समस्त विभागों के अधिकारियों को उन्हें जल्द पूरा करने को कहा ।

नाट्य मंचन कर दिया स्वच्छ भोजन का संदेश

भीलवाड़ा। कट्स मानव विकास केन्द्र द्वारा सुरक्षित एवं स्वच्छ भोजन के प्रति जागरूकता के लिए मांडलगढ़ के धाकड़खेड़ी एवं मोटरों का खेड़ा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कट्स के कार्यक्रम सहायक गौरव चतुर्वेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित एवं स्वच्छ भोजन के लिए समुदाय को जागरूक करना है। साथ ही कार्यक्रम में नाथू लाल पुरबिया, मुरली एवं टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय को नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से समझाया की खराब एवं बासी खाने से बीमारियां होती है एवं आज कल छोटे बच्चो के द्वारा जंक फूड का अधिक सेवन करने से उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड रहा है एवं भोजन में अधिक शक्कर, नमक एवं मसाले से मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ने से कई प्रकार की गंभीर बीमारियां हो रही है।

फटाफट

फांसी लगा युवक ने दी जान

भीलवाड़ा। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में स्थित आरसी व्यास कॉलोनी में किराए से रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पहुंची सुभाष नगर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जानकारी के अनुसार आरसी व्यास कॉलोनी में स्थित एक मकान में किराए से रहने वाले अलवर जिला निवासी हेमंत वासु ने अज्ञात कारणों के चलते सोमवार को अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया और महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

खराब हुई फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

मांडलगढ़। भारतीय जनता पार्टी द्वारा फसल खराबी को लेकर हुये नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ,उपखंड अधिकारी उत्साह चौधरी को ज्ञापन दिया । विधायक गोपाल खंडेलवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं , पदाधिकारियों ने क्षेत्र के किसानों के साथ लगातार बारिश के चलते फसले खराब होने को लेकर गिरदावरी कराने व किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की । विधायक ने कहा कि अतिवृष्टि से फसले खराब हो गई जिससे किसानों को नुकसान हुवा है । इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली , उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर , हरीश भट्ट , दिलीपसिंह बडलियास , राजकुमार आंचलिया , विनोद ओस्तवाल , संजय धाकड , नेता हरीप्रसाद जाट , गोविंद सिंह , रतनलाल खटीक , जमनालाल सैन , मनोज सनाढ्य , अभिषेक सर्वा , मनोज आंचलिया , मुकेश व्यास , सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे ।

किसानों के भारत बंद के समर्थन में आया श्रमिक संगठन सीटू

CITU
बिल्डिंग वर्कर्स यूनियन भीलवाड़ा
RAJASTHAN MEDICAL AND SALES REPRESENTATIVE UNION
BHILWARA - UNIT
AFFILIATED TO - FMRAI & CITU

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

किसानों द्वारा दिल्ली में किए जा रहे धरना प्रदर्शन पर किसान बिलो को वापस लेने बिजली विधेयक वापस लेने और श्रमिकों के कानूनों को बदलाव करने को लेकर सोमवार को केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर भारत बंद का कार्यक्रम रखा गया। जिस के समर्थन में भारतीय ट्रेड यूनियन के केंद्र सीटू के द्वारा जिला कलेक्टर के बाहर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन में जिला बिल्डिंग वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष रतनलाल नेट, रामचंद्र बुनकर, महेंद्र सिंह गुर्जर, मंजू आचार्य, आशा विश्नोई, किरण आचार्य, महावीर सिंह, गणेश गहलोत, देव बिश्नोई, नरेश मराठा जगदीश गुर्जर, अनीता देवी, कपिल वर्मा, कुशालचंद मोइनुद्दीन, रामेश्वर दिनेश देवपुरा ललित, सुभाष लड्ढा, भरत अग्रवाल मांगीलाल गहरी लाल सोनी राधेश्याम सोनी शिवराज पारसी देवी आदि श्रमिकों ने नारेबाजी करते हुए मांग पत्र में बिजली विधेयक संशोधन को वापस लेने श्रम कानूनों को बदलाव को रोकने सभी सरकारी व सार्वजनिक संस्थानों को निजी करण से रोक लगाने राजस्थान प्रदेश में अतिवृष्टि में जो किसानों का नुकसान हुआ है उसको अनुदान देने पूरे देश में प्रदेश में किसानों व ग्रामीण गरीबों के समिति और बैंक में गबन किया जा रहा है उस पर रोक लगाने सभी गरीब परिवारों को 10 किलो प्रतिमा गेहूं देने न्यूनतम वेतन 26000 लागू करने में नरेगा में 200 दिन का काम निश्चित किए जाने देश में बढ़ रही महंगाई पर रोक लगाने कमठाना सैनिकों के योजनाओं में शुभ शक्ति को चालू करने आदि कई मांगों को लेकर सीटू यूनियन द्वारा प्रदर्शन किया गया साथ ही भीलवाड़ा इकाई द्वारा पुलिस विभाग में कर्मचारियों के साथ हो रहे वेतन वृद्धि के असंतुलन को सही करने और पुलिस प्रशासन में कर्मचारियों के साथ भेदभाव पूर्ण नीति पर रोक लगाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अलग से ज्ञापन दिया।

हलचल : मेवाड़

कर्ज चुकाने के लिए युवक ने कर डाली बड़ी मां की हत्या

बागोर ■ संवाद सूत्र

क्षेत्र की बोरियापुरा पंचायत के रेवाड़ा गांव में चौड़ खेड़ा के रास्ते पर स्थित एक कुएं में सुखी देवी भट्ट की लाश मिलने के बाद पति किशन लाल भट्ट द्वारा दी गई पत्नी की हत्या कर कुएं में लाश डालने की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर उक्त मामले में एसएचओ अय्यूब खां के नेतृत्व में चार जनों की गठित टीम ने गहनता से अनुसंधान शुरू कर महज 8 दिनों में ही सुखी की हत्या का राजफाश करते हुए मृतका सुखी देवी के देवर के लड़के नवीन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी अय्यूब खां ने बताया कि रेवाड़ा निवासी किशन लाल भट्ट की पत्नी सुखी देवी (50)जो कि सिंजारे पर ले रखे खेत पर 19 सितम्बर को मवेशियों को लेने गई थी जहा से वो घर नहीं लौटी। तब घबराए परिजन सुखी को ढूंढने लगे जो कुछ ही देर बाद खेत पर पहुंचे । जहां कंटीले थोर पर खून के छींटे लगे पाए जाने पर परिजनों ने शंका के तौर पर कुएं में झांक कर देखा तो सुखी की लाश कुएं में पड़ी मिली । पुलिस ने तहकीकात शुरू की तो खोजी स्वान रविवार रात की तरह ही सोमवार को भी खेत से चलकर किशन लाल के घर तक आकर रुक गया । बस वही से पुलिस को शक शंका परिजनों पर हुई तो पुलिस ने गहनता से परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी । जिसमें शक की सुई मृतका सुखी के देवर के बेटे नवीन कुमार पर आकर टिक गई। जिससे उसे पूछताछ के लिए थाने लाया गया । जहां उससे कड़ी पूछताछ की गई जिस पर नवीन टूट गया और उसने सुखी की हत्या करने का जुर्म कबूल किया । जिस पर पुलिस ने रविवार को नवीन पुत्र श्रवण कुमार भट्ट लूट व सबूत नष्ट करने बड़ी मां सुखी की हत्या के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया । हत्याकांड का राजफाश करने वाली टीम में थानाधिकारी अय्यूब खां के साथ हेड कांस्टेबल नरपत सिंह, कांस्टेबल नरपत सिंह व कांस्टेबल श्रवण कुमार शामिल हैं । आरोपी नवीन ने पूछताछ के दौरान बताया कि वो ऑनलाइन रमी गेम खेलता है और उस पर सट्टे भी लगाता है। जिसके चलते वो अब तक 5 से 6 लाख रुपयों का सट्टा हार चुका है और ये हारी हुई रकम अब उसके सिर पर कर्जा बन चुकी है। जबकि एक विद्यार्थी होने के कारण उसके पास इस कर्ज को उतारने के लिए कोई रुपया पैसा नहीं था तो ऐसे में उसने अपनी ही बड़ी मां के गहने की लूट की साजिश रचते हुए मोके की तलाश में रहता था । जिसने मोका पाकर इस घटना को अंजाम दिया और सुखी के गहने लूटकर उसका गला घोंट डाला ।

सुर्खियां

विषाक्त खाना खाने से बिगड़ी चार बच्चों की हालत

भीलवाड़ा। जिले के बनेड़ा थाना क्षेत्र के बामणिया गांव में ईंटभट्टा मजदूरों के चार बच्चों की खाने के बाद हालत बिगड़ गई। बताया गया है कि इन बच्चों ने खीचड़ी-चावल खाये थे। इसके बाद तबीयत बिगड़ने पर इन चारों बच्चों को महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दरअसल, बनेड़ा थाना क्षेत्र के बामणिया में स्थित कमल ईंट भट्टे पर बिहारी मजदूर काम करते हैं। इनके चार बच्चों की खीचड़ी-चावल खाने से हालत बिगड़ गई। इससे मजदूर परिवारों में खलबली मच गई। चारों बच्चों को महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया, जिन्हें भर्ती कर उपचार शुरू किया गया है। इन बच्चों में उमेश माझी का 13 साल का बेटा गणेश, 6 वर्षीय शिव कुमार उर्फ जूस, आठ साल की बेटी जुली व गुटालियन माझी की डेढ़ साल की बेटी दुगली शामिल हैं।

विद्यालय में चोरी के आरोपी दो गिरफ्तार

भीलवाड़ा। शक्करगढ़ थाना क्षेत्र के आमलदा ग्राम के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने राजफाश किया है। जानकारी के अनुसार आमलदा विद्यालय में 25 अगस्त को कक्षाओं के ताले तोड़कर तीन पंखे, बाल्टी सहित अन्य सामान भी चुराए गये थे इसके बाद 19 सितंबर को भी चोरों ने विद्यालय को निशाना बनाया व यहां से पोषाहार कक्ष का ताला तोड़कर विधार्थियों को वितरित करने वाले कॉम्बो पैकेट चुरा ले गए। पुलिस ने ग्रामीणों व विद्यालय स्टाफ की रिपोर्ट पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया जिन्होंने वारदात करना कबूला। थाना प्रभारी छोटूलाल ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देशन में चोरी का राजफाश करने के लिये टीम बनाई व चोरों को पकड़कर राजफाश किया आरोपी दीपक उर्फ दीपू पिता सुनील दरोगा निवासी पोलयाड़ा थाना दूनी हाल निवासी आमलदा थाना शक्करगढ़, व भैरूलाल पिता रामेश्वर खटीक निवासी आमलदा को गिरफ्तार किया जिन्होंने चोरी करने की वारदात कबूली। आरोपी विद्यालयों व सूने स्थानों पर चोरी करने के आदि है। टीम में थाना प्रभारी छोटूलाल, सहायक उप निरीक्षक भागचन्द, दीवान अशोक सोनी, प्रभु सिंह, सिपाही जीतराम प्रजापत शामिल थे।

वार्षिक कलशाभिषेक में प्रतिभाओं का किया सम्मान

भीलवाड़ा। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर का वार्षिक कलशाभिषेक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह परम पूज्य निर्यापक मुनि विद्यासागर महाराज,शांतिसागर महाराज, प्रसन्न सागरमहाराज के पावन सानिध्य में हुआ। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रवीण चोधरी ने बताया की सुबह मुनि ससंघ आर के कॉलोनी आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से विहार कर शास्त्रीनगर पहुंचे ,जहां 1008 मुनिसुव्रतनाथ भगवान का 108 ऋधिमंत्रो से अभिषेक करवाया।अभिषेक चेतन, तुषार, सौरभ गदिया परिवार ने किया। शांतिधारा पंचोली एवम झांझरी परिवार ने की। इसके बाद मुनिसंघ के सानिध्य में श्रीजी की एक भव्य रथयात्रा निकली जो मेनसेक्टर मंदिर से सूर्य महल तक गई। सूर्यमहल में मुनि विद्यासागर महाराज ने धर्म के महत्व को बताया कि हमें किस प्रकार अपना जीवन जीना चाहिए।

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक F1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.1(a)B2/File No.(18460) 2019-20 JAIPUR Dated 26/08/2021 के द्वारा श्री अरुण कुमार अग्रवाल, निवासी-म.नं.-21031/फ्लैट नं.-17, टावर-21, फेस-2, ATS, Advatis, Anisa Khand-1, इन्द्रापुरम, [illegible] सिटी, गाजियाबाद (उ.प्र.) को निकट ग्राम-[illegible], तहसील-हुरड़ा, जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन ML No.-118/2019, क्षेत्रफल 2.7789 हैक्टेयर क्वार्ट्ज फेल्सपार खनन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय पर उपलब्ध है।

अरुण कुमार अग्रवाल

समाचार-आसपास

487 पुलिसकर्मी इधर-उधर

भीलवाड़ा। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने एक आदेश जारी कर 487 पुलिसकर्मियों के तबादले किये है। इनमें 55 एएसआई, 82 हैडकांस्टेबल और 350 कांस्टेबल शामिल है। आदेश के अनुसार एएसआई राजेंद्र सिंह को गंगापुर, कैलाशचंद्र कुमावत वृत्त कार्यालय आसींद, मदनलाल सुथार शक्करगढ़, [illegible], राजू गिरी प्रताप नगर, रफीक मोहम्मद यातायात शाखा, अयूब खां महिला थाना, श्रवणलाल शाहपुरा, किशन सिंह यातायात शाखा, चेतन प्रकाश जहाजपुर, बंशीलाल मांडलगढ़, सुरेंद्र सिंह सुभाषनगर, शंभुलाल प्रताप नगर, सीताराम भीमगंज, [illegible], मृत्युंजय सिंह प्रताप नगर, अंबालाल भीमगंज, [illegible], कमलेश कुमार [illegible], गजेंद्र सिंह [illegible], भागचंद जहाजपुर, रज्जाक मोहम्मद शंभुगढ़, अयूब मोहम्मद चौकी मंडपिया, रामपाल यातायात, सोहन लाल कोतवाली, विजय सिंह चौकी सांगानेर, सुरेश कुमार चौकी अमरगढ़, रामलाल मीणा पुलिस लाइन, देवीलाल टेलर मंगरोप, मुरली खां मांडल, नारायण लाल आसींद, नरेंद्र कुमार कोतवाली, नटवर लाल पुलिस लाइन, भीमराज चौकी लुहारिया, हरिकिशन [illegible], जमना लाल पुलिस लाइन, हरिश कुमार एसपी ऑफिस शाहपुरा, ओमप्रकाश सैन एसपी ऑफिस शाहपुरा, सुरेंद्र सिंह अभय कमांड सेंटर, नारायण लाल शाहपुरा, नवरतन मल पुलिस लाइन, साबिर मोहम्मद कोतवाली, हरिशंकर शर्मा यातायात मांडल, सत्यनारायण चौकी बनेड़ा, [illegible], सत्यनारायण पुलिस लाइन, हरिराम कोटड़ी, मधु सूदन [illegible] सेल, चिराग अली प्रताप नगर, नासिर मोहम्मद रायपुर, फुलचंद गंगापुर, दिनेश कुमार मांडलगढ़, रावत सिंह पुलिस लाइन व दयाल सिंह को महिला थाने में लगाया गया है। इसी तरह 82 हेडकांस्टेबल और 350 कांस्टेबल को भी इधर-उधर किया गया।

चचेरे भाई ने दर्ज कराया हत्या का मामला, पुलिस जुटी जांच में

भीलवाड़ा। जिले के काछोला थाना क्षेत्र के चांवडिया ग्राम में एक युवक की पिछले दिनों हुई मौत को हत्या बताते हुये चचेरे भाई ने एक व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। काछोला पुलिस के मुताबिक, चांवडिया निवासी प्रकाश गुर्जर ने अपने चचेरे भाई कालू पुत्र रतन गुर्जर की हत्या की रिपोर्ट दी है। इसमें मांडलगढ़ थाना सर्किल में रहने वाले शंकर को आरोपी बनाया है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर बताया कि 21 सितंबर को दोपहर में परिवादी प्रकाश के बड़े पिता के बेटे कालू की लाश उसके घर में ही फंदे पर लटकी मिली थी। परिवादी प्रकाश ने शंकर द्वारा कालू की गला दबा कर हत्या करने के बाद शव को फंदे से लटकाने की शंका जाहिर की है। पुलिस का कहना है कि कालू की मां की पहले मौत हो गई थी। कालू का पिता रतन, गीता नामक महिला को नाते ले आया। उसके दो बच्चे थे। रतन की भी मौत हो गई। इसके चलते गीता दूसरी नाते चली गई।

सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा। माणिक्यलाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय में एनएसयूआई ने प्रथम वर्ष की सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर शहर महासचिव तिलकराज खटीक के नेतृत्व में प्राचार्य को ज्ञापन दिया। पूर्वी ब्लॉक महासचिव विजेश खोईवाल ने बताया कि प्रथम वर्ष के छात्रों की वरीयता सूची में नाम आने के बाद जिन छात्र छात्राओं का नाम सूची में आया है उनके दस्तावेज जमा करवाने में आ रही परेशानियों को लेकर एनएसयूआई ने हेल्प डेस्क की शुरुआत की। व 12वीं कक्षा में प्रमोट होने की वजह से सभी विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिल पा रहा है उसके लिए 20% सीटें बढ़ाने के लिए ज्ञापन दिया गया। इस दौरान नवल गुर्जर, पूर्व इकाई अध्यक्ष नीरज मस्तोड़ा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय: A-902A, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
दूरभाष: 011-27674615 | ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com
वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि टाइटन बायोटेक लिमिटेड के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए हैं और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक/दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

क्रम सं.	नाम और फोलियो नं.	प्रमाण पत्र सं.	डिस्टिंक्टिव नं.	इक्विटी शेयरों की सं.
1.	अशोक कुमार सहगल-16315	8165	796071-797070	100

किसी भी व्यक्ति जिसके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में [illegible]

दिनांक: 27-09-2021
स्थान: नई दिल्ली

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव